श्री शनि चालीसा पाठ

दोहा

जय गणेश गिरिजा सुवन, मंगल करण कृपाल ।

दीनन के दुःख दूर करि, कीजै नाथ निहाल ॥

जय जय श्री शनिदेव प्रभु, सुनहु विनय महाराज ।

करहु कृपा हे रवि तनय, राखहु जन की लाज ॥

चौपाई

जयति जयति शनिदेव दयाला, करत सदा भक्तन प्रतिपाला ।

चारि भुजा, तनु श्याम विराजै, माथे रतन मुकुट छवि छाजै ।

परम विशाल मनोहर भाला, टेढ़ी दृष्टि भृकुटि विकराला ।

कुण्डल श्रवण चमाचम चमके, हिये माल मुक्तन मणि दमके ।

कर में गदा त्रिशूल कुठारा, पल बिच करैं अरिहिं संहारा ।

पिंगल, कृष्णों, छाया, नन्दन, यम, कोणस्थ, रौद्र, दुःख भंजन ।

सौरीमन्द, शनि, दशनामा, भानु पुत्र पूजहिं सब कामा ।

जापर प्रभु प्रसन्न हवैं जाहीं, रंकहुँ राव करैं क्षण माहीं ।

पर्वतहू तृण होई निहारत, तृणहू को पर्वत करि डारत ।

राज मिलत बन रामहिं दीन्हयो, कैकेइहुँ की मति हरि लीन्हयो ।

बनहूँ में मृग कपट दिखाई, मातु जानकी गई चतुराई ।

लषणहिं शक्ति विकल करिडारा, मचिगा दल में हाहाकारा ।

रावण की गति-मति बौराई, रामचन्द्र सों बैर बढ़ाई ।

दियो कीट करि कंचन लंका, बजि बजरंग बीर की डंका ।

नृप विक्रम पर तुहि पगु धारा, चित्र मयूर निगलि गै हारा ।

हार नौलखा लाग्यो चोरी, हाथ पैर डरवायो तोरी ।

भारी दशा निकृष्ट दिखायो, तेलिहिं घर कोल्हू चलवायो ।

विनय राग दीपक महँ कीन्हयों, तब प्रसन्न प्रभु हवै सुख दीन्हयों ।

हरिश्चन्द्र नृप नारि बिकानी, आपहुं भरे डोम घर पानी ।

तैसे नल पर दशा सिरानी, भूंजी-मीन कूद गई पानी ।

श्री शंकरहि गह्यो जब जाई, पारवती को सती कराई ।

तनिक विलोकत ही करि रीसा, नभ उड़ि गयो गौरिसुत सीसा ।

पाण्डव पर भै दशा तुम्हारी, बची द्रोपदी होति उघारी ।

कौरव के भी गति मति मारयो, युद्ध महाभारत करि डारयो ।

रवि कहँ मुख महँ धरि तत्काला, लेकर कूदि परयो पाताला ।

शेष देव-लखि विनती लाई, रवि को मुख ते दियो छुड़ाई ।

वाहन प्रभु के सात सुजाना, जग दिग्गज गर्दभ मृग स्वाना ।

जम्बुक सिंह आदि नख धारी, सो फल ज्योतिष कहत पुकारी ।

गज वाहन लक्ष्मी गृह आवैं, हय ते सुख सम्पत्ति उपजावैं ।

गर्दभ हानि करै बहु काजा, सिंह सिद्धकर राज समाजा ।

जम्बुक बुद्धि नष्ट कर डारै, मृग दे कष्ट प्राण संहारै ।

जब आवहिं प्रभु स्वान सवारी, चोरी आदि होय डर भारी ।

तैसहि चारि चरण यह नामा, स्वर्ण लौह चाँदी अरु तामा ।

लौह चरण पर जब प्रभु आवैं, धन जन सम्पत्ति नष्ट करावैं ।

समता ताम्र रजत शुभकारी, स्वर्ण सर्वसुख मंगल भारी ।

जो यह शनि चरित्र नित गावै, कबहुं न दशा निकृष्ट सतावै ।

अदभुत नाथ दिखावैं लीला, करैं शत्रु के नशि बलि ढीला ।

जो पण्डित सुयोग्य बुलवाई, विधिवत शनि ग्रह शांति कराई ।

पीपल जल शनि दिवस चढ़ावत, दीप दान दै बहु सुख पावत ।

कहत राम सुन्दर प्रभु दासा, शनि सुमिरत सुख होत प्रकाशा ॥

दोहा (समापन)

पाठ शनिश्चर देव को, कीहों 'भक्त' तैयार ।

करत पाठ चालीस दिन, हो भवसागर पार ॥

https://www.radheradheje.com/shani-dev-chalisa-lyrics/

Shri Shanidev Chalisa in English

॥ Doha ॥
Jai Ganesh Girija suvan, mangal karan kripaal.
Deenan ke dukh door kari, keejai naath nihaal.

Jai jai Shri Shanidev prabhu, sunahu vinay Maharaj.
Karahu kripa he ravi tanay, raakho jan ki laaj.

॥ Chaupai ॥
Jayati jayati Shanidev dayaala, karta sada bhaktan pratipaala.
Chaari bhuja, tanu shyaam viraajai, maathe ratan mukut chhavi chhaajai.
Param vishaal manohar bhaala, tedhi drishti bhrukuti vikraala.
Kundal shravan chamaacham chamke, hiye maal muktan mani damke.
Kar mein gada trishool kuthaara, pal bich karain arihin sanhaara.
Pingal, Krishno, Chhaya, Nandan, Yam, Konasth, Raudra, dukh bhanjan.
Saurimand, Shani, dashanaama, Bhanu putra poojahi sab kaama.
Jaapar prabhu prasann havai jaahi, rankahun raav karain kshan maahi.
Parvatahoo trin hoi nihaarat, trinahoo ko parvat kari daarat.
Raj milat ban Ramahin deenhyo, Kaikeihun ki mati hari leenhyo.
Banahoon mein mrug kapat dikhaai, Maatu Janaki gai chaturaai.
Lashanahin shakti vikal karidaara, machiga dal mein haahaakaara.
Ravan ki gati-mati bauraai, Ramachandra son bair badhaai.
Diyo keet kari kanchan Lanka, baji Bajrang Veer ki danka.
Nrip Vikram par tuhi pagu dhaara, chitra mayur nigali gai haara.
Haar naulakha laagyo chori, haath pair darvaayo tori.
Bhaari dasha nikrisht dikhaayo, telihin ghar kolhoo chalvaayo.
Vinay raag deepak mahin keenhon, tab prasann prabhu havi sukh deenhon.
Harishchandra nrip naari bikaani, aapahun bhare dom ghar paani.
Taise Nal par dasha sirani, bhoonji-meen kood gai paani.
Shri Shankarahi gahyo jab jaai, Parvati ko sati karaai.
Tanik vilokat hi kari reesa, nabh udi gayo Gaurisut seesa.
Pandav par bhai dasha tumhaari, bachi Draupadi hoti ughaari.
Kaurav ke bhi gati mati maaryo, yuddh Mahabharat kari daaryo.
Ravi kahan mukh mehn dhari tatkaala, lekar koodi parayo pataala.
Shesh Dev-lakhi vinati laai, Ravi ko mukh te diyio chhudai.
Vahan Prabhu ke saat sujaana, jag diggaj gardabh mrug swaana.
Jambuk singh aadi nakh dhaari, so phal jyotish kahat pukaari.
Gaj vaahan Lakshmi grih aavain, hay te sukh sampatti upjaavain.
Gardabh haani karai bahu kaaja, singh siddhakar raaj samaaja.
Jambuk buddhi nasht kar daarai, mrug de kasht praan sanhaarai.
Jab aavahin prabhu swaan savaari, chori aadi hoy dar bhaari.
Taisahi chaari charan yah naama, swarn lauh chandi aru taama.

Lauh charan par jab prabhu aavain, dhan jan sampatti nasht karaavain.
Samta tamra rajat shubhkaari, swarn sarvasukh mangal bhaari.
Jo yah Shani charitra nit gaavai, kabahun na dasha nikrisht sataavai.
Adabhut nath dikhaavain leela, karain shatru ke nashi bali dheela.
Jo pandit suyogya bulavaai, vidhivat Shani grah shanti karaai.
Peepal jal Shani divas chadhaavat, deep daan dai bahu sukh paavat.
Kahat Ram Sundar prabhu daasa, Shani sumirat sukh hot prakaasha.

॥ **Doha** ॥
Paath Shanishchar Dev ko, keehon 'Bhakt' taiyaar.
Karat paath chaalees din, ho bhavsaagar paar.

॥ **Iti** ॥